गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

क्र./1390/स्था./प्रशासन/2001

बिलासपुर, दिनांक 10.08.2001

आदेश

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की स्थगित आपात बैठक दिनांक 09.08.2001 के पद क्रमांक-1 में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक: 22-1973) की धारा-49 के प्रावधानुसार गठित चयन समिति की अनुशंसा स्वीकार करते हुये चयन समिति द्वारा व्याख्याता के लिये अनुशंसित गुणानुक्रम के सरल क्रमांक-1 में दर्शित डॉ. संदीप सिंह को प्रौद्योगिकी संस्थान (गणित) में वेतनमान रू. 8000-275-13500/- में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रथमत: दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर व्याख्याता के पद पर नियुक्त किया जाता है।

इनका वेतन इनके वर्तमान वेतन एवं कुल प्राप्तियों का अनुरक्षण करते हुये मूलभूत नियमों के अनुसार निर्धारित किया जायेगा

इनकी सेवाएं विश्वविद्यालय परिनियम-31 एवं अध्यादेश क्रमांक-4 में निर्धारित शर्तों के अनुसार नियंत्रित होंगी ।

इन्हें उक्त वेतनमान में समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत भत्ते देय होंगे ।

इस मद में होने वाला व्यय स्ववित्तीय योजना के प्रौद्योगिकी संस्थान के बजट से विकलनीय होगा।

कार्यपरिषद के आदेशानुसार

(फणीभूषण त्रिवेदी)
कुलसचिव

पृ.क्रमांक/1391/स्था./प्रशासन/2001

बिलासपुर, दिनांक 10.08.2001

प्रतिलिपि -

1. डॉ. संदीप सिंह, Reader & HOD, Department of MCA & Maths, Khalsa Engg. College, 4th Bridge, B.No. -02, Jabalpur (M.P.) को इस निर्देश के साथ कि वे इस आदेश के जारी होने की तिथि से 15 दिन के भीतर आवश्यक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण करें। कार्यभार ग्रहण करने की सूचना के साथ ही मुख्य चिकित्सक या समकक्ष शासकीय चिकित्सक का चिकित्सा प्रमाण पत्र, आयु संबंधी मूल प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता/पात्रता प्रमाण पत्र, यदि सेवा में हों तो नियोजक का अनापत्ति प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा ।

....2

2. महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर।
3. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।
4. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
5. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

की ओर सूचनार्थ।

6. कुलपति जी के सचिव की ओर कुलपति जी की सूचनार्थ।
7. वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

उप-कुलसचिव (प्रशासन)

Scanned By Camera Scanner